An ISO 9001:2015 certified

सच्चिदानन्द द्विवेदी तिग्गा
प्रशासी पदाधिकारी

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्
जे.एस.सी.ए. स्टेडियम रोड, सेक्टर–3,
धुर्वा, राँची – 834 004
दूरभाष– 0651-2444501, 2444502, फैक्स– 2444506
ई–मेल: **jepcranchi1@gmail.com**

पत्रांक : QU/40/71/2024/ 1827 **दिनांक –** 21**/04/2026**

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
सभी जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा, झारखण्ड।

विषय : TNA Round 03 के आयोजन से संबंधित आवश्यक निर्देश के संबंध में।

महाशय / महाशया,

उपरोक्त विषय के आलोक में अंकित करना है कि TNA (Teacher Needs Assessment) के अंतर्गत राउण्ड 01 एवं राउण्ड 02 का आयोजन क्रमशः अप्रैल एवं नवंबर माह में सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा चुका है। जिसमें आप सभी के सहयोग से 99 प्रतिशत से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया एवं तदनुसार निर्धारित प्रक्रिया के तहत शिक्षकों को उनके पोर्टल के माध्यम से स्कोर प्राप्त हुआ है।

विदित हो कि TNA का राउण्ड 03 माह मई, 2026 में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है, जिसकी निर्धारित तिथियाँ 12, 13 एवं 14 मई, 2026 है। **TNA का राउण्ड 03 हेतु सभी शिक्षकों का पंजीकरण 22 अप्रैल, 2026 से प्रारंभ होगा एवं 05 मई, 2026 तक चलेगा।** जिला सभी शिक्षकों से समन्वय स्थापित करते हुये अधिक से अधिक शिक्षकों का पंजीकरण कराना सुनिश्चित करेंगे। **TNA कार्यक्रम हेतु निम्न बिन्दु निम्नवत है –**

1. TNA का राउंड 03 दिनांक 12 से 14 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में विस्तृत कार्यक्रम जानकारी आपको शीघ्र ही साझा की जायेगी।
2. TNA राउंड 03 के लिए 02 घंटे का समय निर्धारित किया गया है तथा कुल प्रश्नों की संख्या 60 होगी।
3. प्रत्येक तिथि को दो शिफ्ट में TNA का आयोजन किया जाएगा।
   - प्रथम पाली – पूर्वा0 09:30 बजे से 12:00 बजे तक
   - द्वितीय पाली – अप0 12:30 बजे से 03 :00 बजे तक

   (प्रत्येक पाली में प्रारंभ के 30 मिनट उन्मुखीकरण हेतु निर्धारित होंगे। साथ ही, प्रत्येक पाली के प्रारंभ में 10 मिनट पूर्व लॉगिन कोड साझा किया जाएगा।)
4. सभी जिला सुनिश्चित करेंगे कि TNA राउण्ड 03 हेतु स्थल के संबंध में CENTA के प्रतिनिधि श्री पार्थी मिश्रा (मो0न0–6207342053) से संपर्क कर उन्हें दिनांक 23.04.2026 तक अनिवार्य रूप से स्थल की सूची उपलब्ध कराएँ।
5. TNA राउण्ड 03 के आयोजन हेतु प्रत्येक स्थल के लिए प्रत्येक पाली में centralized login ID एवं password उपलब्ध कराया जाएगा। संबंधित केंद्र के सभी शिक्षक इसी के माध्यम से TNA में भाग ले सकेंगे।
6. जिलों से अपेक्षा की जाती है कि वे EVV में शिक्षकों से संबंधित आंकड़ों का सत्यापन अप्रैल माह 2026 में अनिवार्य रूप से कर लें। जिन शिक्षकों का स्थानांतरण हो चुका है, जो सेवानिवृत्त हो चुके हैं, सेवा त्याग चुके हैं अथवा जिनका निधन हो गया है, उनके डेटा का सत्यापन कर EVV से हटाने की आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।
7. राज्य में लगभग 10000 नये शिक्षकों की नियुक्ति विगत 6–8 माह के अन्दर की गई है। TNA के राउण्ड 03 में इन शिक्षकों को भी भाग लेना अनिवार्य है। अतएव नव–नियुक्त शिक्षकों का EVV पर निबंधन अनिवार्य रूप से कराया जाये।
8. TNA में राज्य के सभी सरकारी विद्यालयों के शिक्षक, सहायक अध्यापक, सहायक आचार्य, के.जी.बी.वी, जे.बी.ए.वी एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय के full time तथा part time शिक्षक अनिवार्य रूप से भाग लेंगे।
9. शिक्षकों को उनकी आवश्यकता के अनुसार उपलब्ध कराए गए contents का अध्ययन करने हेतु प्रेरित किया जाए, ताकि वे TNA राउण्ड 03 के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें।

विश्वासभाजन
20/4/2026
(एस.डी. तिग्गा)
प्रशासी पदाधिकारी

ज्ञापांक : QU/40/71/2024/ 1827 **राँची, दिनांक : /04/2026**

प्रतिलिपि : प्रधान सचिव, सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड के सूचनार्थ समर्पित।

20/4/2026
(एस.डी. तिग्गा)
प्रशासी पदाधिकारी